शांति नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो को खाली कराया जाएगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत शांति नगर क्षेत्र में रतना बिल्डर्स के ईडब्लूएस भूमि पर निर्मित 36 प्रधानमंत्री आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से दिनांक 03.10.2024 किया जाना है। आबंटित किये जाने वाले मकानो का निरीक्षण करने आयुक्त बजरंग दुबे, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। स्थल पर 06 ऐसे मकान थे जिसे अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे खाली कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियो को दिये है। अधिकारियो द्वारा कब्जाधारियो को 3 से 4 बार नोटिस भी जारी किया गया है। उसके बाद भी उनके द्वारा मकान खाली नहीं किया गया है। दिनांक 02.10. 2024 को निगम प्रशासन, पुलिस बल एवं तोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध कब्जा को खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी। मकान नीलामी की प्रक्रिया स्थावत होगी।